THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI P.V. NARASIMHA RAO): (a) Government have seen press reports about threats by a little known Iranian group "Iranian Guards" to kill S / Shri Bal Thakrey and Madhu Mehta for speaking out against Imam Ayatollah Khomenei's edict against Salman Rushdie for writing. "The Satanic Verses". The Iranian Consulate in Bombay has dismissed this threat as absurd and mischief-mongering. The Government of the Islamic Republic of Iran has also dis-associated itself from any connection with the "Iranian Guards" and the threats held out by them.

(b) Does not arise.

(c) Information is being collected.

राजस्थान मे रेल पुल

1466. **श्री सन्तोष बागड़ोदिया:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राजस्थान राज्य में छोटे व बड़े रेल पुलों की पृथक-पृथक संख्या कितनी है,

(ख) क्या इनमें से कुछ पुल खराब हालत में है और उनकी मरम्मत की तुरन्त आवश्यकता है; और

(ग) गत दो वर्षों के दौरान ऐसे कितने पुलों की मरम्मत की गयी और चालू वर्ष में और कितने पुलों की मरम्मत किये जाने का प्रस्ताव है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया): (क) से (ग) ऐसी सूचना रेलवे-वार रखी जाती है, न कि राज्य-वार।

सभी रेलवे पुलों का वार्षिक निरीक्षण किया जाता है और आवश्यक समझी जाने वाली मरम्मतें की जाती हैं। कमजोर दिखायी देने वाले पुलों का पुनर्निर्माण किया जाता है अथवा चरणबद्ध कार्यक्रम के आधार पर विशेष मरम्मत करके उनका जीर्णोद्धार किया जाता है।

राजस्थान में रेलवे प्लेटफार्मों का विद्युतीकरण

1467. **श्री सन्तोष बागड़ोदिया:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राजस्थान में कितने रेलवे प्लेटफार्मों पर अभी तक बिजली उपलब्ध नहीं करायी गयी है; और

(ख) सरकार द्वारा चालू वित्तीय वर्ष के दौरान उन प्लेटफार्मों का विद्युतीकरण करने के बारे में क्या कार्यवाही की जा रही है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया): (क) राजस्थान में 272 रेलवे स्टेशनों के प्लेटफार्मों पर बिजली की व्यवस्था नहीं है।

(ख) 42 रेलवे स्टेशनों पर बिजली की व्यवस्था का काम चल रहा है। अपेक्षित शेष स्टेशनों पर बिजली लगाने का कार्यक्रम भविष्य में बनाया जायेगा बशर्ते कि धनराशि तथा राजस्थान राज्य बिजली बोर्ड से बिजली कनेक्शन उपलब्ध हो।

Subsidy on Air Service to hilly States

1468. SHRI ANAND SHARMA: Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) whether Government subsidise the Indian Airlines and Vayudoot flights to special catagory of hilly States like Jammu and Kashmir and North Eastern States;

(b) whether Government propose to provide similar-subsidy for the Vayudoot operations on Delhi-Kullu-Shimla and Delhi-Shimia Sector; and

(c) what is the estimated time required to extend the subsidy to Himachal Pradesh?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI SHIVRAJ PATIL): (a) Indian Airlines and Vayudoot offer concessional fare for air travel in North-Eastern States. No subsidy is, however, made available by the Government for these concessional fares or for air services in other special category States.

(b) and (c) Does not arise.